Title: Requests the Textle Minister to restart M/s Foreign Polytax Limited at Naya Kavi Nagar, District Ghaziabad, Uttar Pradesh and demand of CBI inquiry on corruption in the management.

डा.रमेश चन्द तोमर (हापुड़): सभापति महोदय, मैसर्स स्वदेशी पोलीटेक्स लिमिटेड, नया कविनगर, जिला गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश का अधिग्रहण १९८८ में एन.टी.सी. द्वारा किया गया था और १९९६-९७ में मैसर्स स्वदेशी पोलीटेक्स लिमिटेड अच्छा मुनाफा कमा रही थी, परन्तु १९९७-९८ से एन.टी.सी. के पूर्व एवं वर्तमान अधिकारियों के कुप्रबन्ध के कारण अब तक यह लगभग आठ करोड़ के घाटे में चली गई है। अब इसके प्रबन्धकों द्वारा कुप्रबन्ध एवं मजदूर विरोधी नीतियों के कारण इसको बीमार घोषित कर इसे बन्द कर दिया है। जिसके कारण इसमें कार्यरत लगभग ६०० कर्मचारियों एवं इनके परिवारों का भविष्य खतरे में पड़ गया है। यह प्लांट आज भी यहां के कर्मचारियों की वार्षिक क्षमता १२०० मीट्रिक टन से भी अधिक का उत्पादन करने को तैयार है और इस कम्पनी का लगभग ७.८ करोड़ रुपया एन.टी.सी. तथा इसकी सहयोगी मिलों पर बकाया है।

उस फैक्टरी को सितम्बर, १९९८ से बंद कर दिया गया है, जिसकी वजह से ६०० कर्मचारी भुखमरी की कगार पर हैं। मेरा आपके माध्यम से टैक्सटाइल मंत्री जी से अनुरोध है कि स्वदेशी पोलिटैक्स लि. मिल्स को चालू करवाएं और जो मैनेजमेंट में भ्रष्टाचार है, उसकी सी.बी.आई. से जांच करवाएं तथा उस मिल का प्रबंधन अच्छे और ईमानदार प्रबंधकों के हाथ में सौंपा जाए।

डा. विजय सोनकर शास्त्री (सैदपुर): स्वदेशी कॉटन मिल नैनी का मामला है।

सभापति महोदय : खुराना जी को लिखकर दे दें।